सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 45 | इंदौर, मंगलवार 27 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Weather Today: गुजरात में बारिश का कहर जारी, कई जिलों में आज भी अलर्ट; दिल्ली में भी बरसेंगे बादल
2. Politics: 30 अगस्त को आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल होंगे चंपई सोरेन; अमित शाह से मुलाकात के बाद बनी बात
3. Bihar: कांग्रेस-नेकॉ पर जमकर बरसे मांझी, कहा- इनकी सरकार बनी तो जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में मिला देंगे
4. Jammu Election: कांग्रेस-नेकां में 83 सीटों पर मुहर... पांच पर नहीं बनी बात; यहां आमने-सामने होंगे दोनों दल

# मूंग बेचने वाले किसानों के 564 करोड़ अटके

## भुगतान के लिए भटक रहे किसान, कृषिमंत्री से सांसद ने जल्द भुगतान की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम**। नर्मदापुरम समेत प्रदेश के 32जिलों में ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर हुई है। मूंग बेचने 25दिन बाद भी किसानों को भुगतान नहीं हो पाया है। किसान भुगतान के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। जिले में 14 सौ करोड़ रुपए की मूंग खरीदी गई है। जिसमें से अभी तक 40 फीसदी किसानों को 564 करोड़ रुपए का भुगतान बाकी है। भुगतान न होने से नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनके घर पर मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री चौहान से किसानों की समस्या बताते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेची गई ग्रीष्मकालीन मूंग के शेष भुगतान कराने की मांग की। केंद्रीय मंत्री चौहान ने शीघ्र ही शेष किसानों के खाते में मूंग का भुगतान पहुंचने का



आश्वासन दिया।

जिले में मूंग की समर्थन मूल्य खरीदी के लिए 110 केन्द्र बनाए थे। जहां से 1 लाख 73 हजार मीट्रिक टन मूंग किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी थी। जो लगभग 14 सौ करोड़ रुपए की है। इसका भुगतान किसानों को 10 से 12 दिन में हो जाना था। लेकिन एक महीने बाद भी लगभग 40 प्रतिशत किसानों के खातों में 564 करोड़ रुपए का भुगतान बाकी है। इसका भुगतान कब तक किया जाएगा।

किसानों का कहना है कि भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मूंग फसल को लगाने दवा और खाद की व्यवस्था कर्ज लेकर दवाएं और खाद आदि की खरीदी में कर्ज लिया था। भुगतान नहीं होने से किसान कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं।

### जल्द भुगतान मिल जाएगा

विपणन अधिकारी देवेन्द्र यादव ने बताया 1400 करोड़ में से 836 करोड़ का भुगतान कर दिया है। 564करोड़ रुपए बाकी है। कुछ किसानों के रुपए खातों की गडबड़ी के कारण वापस आए हैं। किसानों को जल्द भुगतान मिल जाएगा।

**मध्यप्रदेश मानसून अपडेट-2 दिन धूप**

# 29 अगस्त से तेज बारिश, प्रदेश में अब तक सीजन की 88% बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में 3 दिन से एक्टिव बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम अब थोड़ा कमजोर पड़ गया है। इस वजह से अगले 2 दिन कहीं भी तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। मंगलवार सुबह से भोपाल समेत कुछ जिलों में धूप खिली है। 29-30 अगस्त से फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा। ऐसे में सितंबर की शुरुआत भी तेज बारिश से होगी। इस बार जून, जुलाई और अगस्त में मानसून सीजन के कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। अब तक सीजन की 88% यानी 33 इंच बारिश हो चुकी है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक प्रकाश दामले ने बताया, 'मानसून ट्रफ, डीप लो प्रेशर एरिया, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और



वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से पूरे प्रदेश में भारी बारिश का दौर रहा। सोमवार को भी कई जिलों में तेज बारिश हुई, लेकिन मंगलवार से मानसून एक्टिविटी घट जाएगी। 27 और 28 अगस्त को प्रदेश के कई जिलों में धूप निकली रहेगी।'

उधर, आलीराजपुर कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने बारिश की वजह से जिले में आज नर्सरी से 8वीं क्लास तक के स्कूलों की छुट्टी घोषित की है। सोमवार देर शाम उन्होंने इसके आदेश दिए।

### 5 जिलों में 40 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका

मध्यप्रदेश के श्योपुर में सामान्य से 87% ज्यादा पानी गिर चुका है। मंडला-सिवनी में बारिश का आंकड़ा 45 इंच से अधिक है। भोपाल में सामान्य से 108 प्रतिशत बारिश हो गई है। शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, सिवनी, निवाड़ी और सिंगरौली में भी सामान्य से ज्यादा पानी गिर गया है।

प्रदेश के 5 जिले ऐसे हैं, जहां 40 इंच से अधिक पानी बरस चुका है। मंडला में सबसे ज्यादा 45.97 इंच बारिश हो चुकी है। सिवनी में 45 इंच, भोपाल, श्योपुर-छिंदवाड़ा में आंकड़ा 40 इंच से ज्यादा है। नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, डिंडौरी, राजगढ़ और गुना में भी अच्छी बारिश हो चुकी है।

### एमपी के डैम 90% तक भरे

प्रदेश के लगभग सभी डैम 90 प्रतिशत या इससे अधिक भर चुके हैं। सोमवार को भोपाल के कलियासोत के 2 और भदभदा डैम का एक गेट खुला रहा। कोलार और केरवा डैम में भी पानी की आमद जारी रही। बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, जोहिला, पारसडोह, चंदौरा, तवा, कुंडालिया समेत अन्य डैम के गेट भी खुल चुके हैं।

## श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर गवली यादव समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। यादव गवली समाज द्वारा दरी कारखाना के पास स्थित राधा कृष्ण मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकल गई रथ पर सवार राधा कृष्ण की तस्वीर रखकर सजाया गया था बैंड बाजे हुआ डीजे के साथ भजनों पराराधा कृष्ण नृत्य करते हुए चल रहे थे महिलाएं भी साथ-साथ नृत्य करते हुए चल रही थी शोभा यात्रा में समाज जन के अलावा नगर के कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए शोभायात्रा राधा कृष्ण मंदिर से लोहार पट्टी अनंत नारायण मंदिर बड चौक बस स्टैंड इंदौर नाका होते हुए राधा कृष्ण मंदिर पर समाज जनो द्वारामहा आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

## नन्हीं बालिकाओं के साथ मनाई मानसून पार्टी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सावन की रिमझिम फुहार के बीच के बीच जै एस जी नवकार की 100 महिलाओं नन्हीं बालिकाओं के साथ एक दिवसीय मानसून पार्टी जिसमें सबको फ्लोरल थीम के साथ बुलाया गया। जिसमें बेसहारा बच्चियों ने खूब आनंदकिया। सबने रंग-बिरंगे परिधानों से मानसून पार्टी में चार चांद लगा दिए फिर बस में सभी ने भुट्टे और मूंगफली खाते हुए एक फार्म हाउस में एंट्री की वहां संयोजक द्वारा टियारा फ्लावर से वेलकम किया और अन्य मनोरंजन गेम खिलाए रेन डांस और पु ल पार्टी का मजा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष अजय रेखा जैन, सचिव आशीष अनुभा जैन, अनिता ललित जैन, प्रीति राजेश जैन, संगीता मुकेश भंडारी, भावना मनोज लोढ़ा, हेमा बोरा मौजूद रहे।

### एयरपोर्ट पर डीजी यात्रा का ट्रायल शुरू

# रोजाना 500 यात्री ले रहे लाभ, यह सुविधा देने वाला इंदौर प्रदेश का पहला एयरपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश-विदेश के बड़े एयरपोर्ट की तरह इंदौर में भी प्रवेश (बोर्डिंग पास) के लिए डिजी यात्रा सेवा का ट्रायल शुरू हो गया है। इस सेवा के शुरू होने से अब लोगों को कतार में लगकर डॉक्यूमेंट वेरिफाइड नहीं कराना पड़ेगे, समय बचेगा। यात्री का चेहरा स्कैन करते ही प्रवेश मिल जाया करेगा। वर्तमान में इंदौर एयरपोर्ट से रोजाना करीब 500 यात्री इस सेवा का लाभ उठा कर आसानी से टर्मिनल में प्रवेश कर रहे हैं। अपने फीड बेक में यात्री इस सेवा को बेहतर बता रहे हैं। बता दें कि इंदौर प्रदेश का पहला एयरपोर्ट है, जहां पर यह सुविधा मिल रही है।

एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय से अप्रैल में ही फेस स्कैनर मशीनें प्राप्त हो गई थी। जिन्हें एयरपोर्ट पर इंस्टॉल कर दिया था। चूंकि अथॉरिटी के पास इतने कर्मचारी नहीं हैं। इसलिए यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए मेन पावर सप्लाई का टेंडर जारी किया गया था। जिसके बाद अब इसका ट्रायल शुरू कर दिया गया है। इंदौर एयरपोर्ट से रोजाना करीब 5000 यात्री आवाजाही करते हैं। जिसमें से 500 यात्री इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं। इस सेवा के पूरी तरह से शुरू होने के बाद इसी के माध्यम प्रवेश मिलेगा। अभी जो लोग लगातार ट्रैवल करते हैं, वे लोग ही इसका उपयोग कर रहे हैं। अपने फीडबैक में वे इस सेवा को बेहतर बता रहे हैं।

### एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट वेरिफाइड कराने में लगने वाला समय बचेगा

सभी यात्रियों के लिए सुविधा शुरू होने से काउंटर पर आधार कार्ड, पासपोर्ट, टिकट और अंतरराष्ट्रीय यात्रा होने पर वीजा चेक कराने आदि से बच सकेंगे। कई बार भीड़ रहने पर इसमें लंबा समय लग जाता है। बुजुर्गों को खासकर परेशानी से राहत मिलेगी। प्रबंधन ने बताया कि यह फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी) पर आधारित तकनीक है। डिजी यात्रा का लक्ष्य एयरपोर्ट पर यात्रियों की निर्बाध और संपर्क रहित प्रवेश प्रक्रिया को बनाना है। इसके अतिरिक्त एयरपोर्ट पर विभिन्न जांच पांइट पर यात्री की उसके चेहरे से ही पहचान कर उसे प्रवेश दिया जाता है। इससे समय बच जाता है। गूगल प्ले स्टोर या आईओएस ऐप स्टोर से डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड करने के बाद, यात्री नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर और पहचान दस्तावेज (आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी आदि) जैसे विवरण साझा करके इस आईडी को प्राप्त कर सकेंगे। यह जानकारी दर्ज करने के बाद एक डिजी यात्रा आईडी बन जाएगी। इसे टिकट बुक करते समय साझा करना होगा। बदले में, एयरलाइन कंपनियां इस आईडी और यात्री डेटा को संबंधित एयरपोर्ट के साथ साझा कर देंगी। एयरपोर्ट के गेट पर आते ही डीजी यात्रा के प्रवेश गेट पर यात्री जैसे ही अपना पीएनआर डालेगा। उसके चेहरे को कैमरा कैप्चर कर लेगा और इसके बाद सीधे प्रवेश मिल जाएगा। यहां पर उसे दस्तावेज दिखाने से मुक्ति मिल जाएगी।

### मोको कहां ढूंढे रे बंदे कबीर

## जन उत्सव में कबीर गायक टिपानिया ने कहा -कबीर की वाणी में छिपा प्रेम का राग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कबीर जन विकास समूह द्वारा आयोजित मोको कहाँ ढूंढे रे बन्दे कबीर जन उत्सव में विभिन्न सत्रों में कबीर पद गायन, भाषण, पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन,नाटक, नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल भंडारी और कबीर भजन गायक पदमश्री प्रह्लाद सिंह टिपानिया थे।इस मौके पर टिपानिया ने कहा कि कबीर प्रेममार्गी कवि, उनकी वाणी में छिपा है प्रेम का राग। कबीर निहत्थे थे, जिनके पास न कलम थी और न कागज और स्याही थी, इसके बावजूद उन्होंने दुनिया में अपनी पहचान बनाई। कबीर का प्रेम ऐसा है जो कभी घटता नहीं, बढ़ता ही है और वही सच्चा प्रेम होता है। इस मौके पर टिपानिया ने तंबूरा और खड़ताल के साथ कबीर के भजन गाये। भजन गायक विक्रम सिंह और लाखन सिंह मंडलोई ने कबीर भजन कोई जानेगा जाना ना द्वारा, साधु गुरु बिन जग अधियारा,, की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर लेगिंग आधार पर रोजगार के बंटवारे की रूढ़ि तोड़ने का अभियान चालने वाले राजेंद्र बंधु ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से कमलिनी तू क्यों मुरझानी पर शानदार प्रस्तुति दी।

## मानव श्रृंखला बनाकर शिक्षा बचाओ अभियान के अंतर्गत जनहित पार्टी ने किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिक्षा बचाओ अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूलों की लचर व्यवस्था, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, कोचिंग उद्योगों की बेतहाशा फीस, सरकारी परीक्षाओं में हो रहे घोटाले और लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में जनहित पार्टी द्वारा राजवाड़ा पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियो का कहना था कि वर्तमान में प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस ली जा रही है। किताबों में स्कूल संचालकों का तगड़ा कमीशन होता है। प्रतिवर्ष कमीशन के चक्कर में सिलेबस चेंज कर दिया जाता है और सालभर बाद वह किताब रद्दी हो जाती है। विद्यार्थी लंबे समय तक परीक्षा की तैयारी करते हैं और अंत में पेपर लीक हो जाते हैं। कई सरकारी भर्तियों में घोटाले हो रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। जनहित पार्टी की मांग है कि मनमानी फीस और पुस्तकों में लूट को लेकर सरकार तुरंत सख्त कार्रवाई शुरू करें।

# इंदौरी कलाकारों की मेहनत और जलोटा की आवाज से बना श्री कृष्ण तुम्हारी जय हो भजन

### जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर यूट्यूब पर लांच किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भजन सम्राट अनूप जलोटा के भजनों से दिन शुरूआत इंसान को मुश्किल वक्त में हिम्मत और विश्वास देने वाली होती है। अनूप जलोटा ने सुप्रसिद्ध भजनों के कड़ी में श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे भक्तों के लिए भजन श्री कृष्ण तुम्हारी जय हो को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर यूट्यूब पर लांच किया गया। इस गीत में इंदौर के युवा कलाकारों की टीम ने जन्माष्टमी को खास बनाने के लिए एक खास गीत को यूट्यूब पर लांच किया।यह एक ऐसा भजन है जिसे सुनने के बाद आप भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन हो जाएंगे। इस गाने को भजन सम्राट अनूप जलोटा ने अपने भजन संग्रह में से शामिल किया है। लांच होने के बाद



से भजन यूट्यूब से लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की पसंद बन गया है। श्री कृष्ण तुम्हारी जय हो गीत के जरिए जन्माष्टमी पर अनूप जलोटा की आवाज में इंदौर के कलाकार और संगीतकारों ने एक अद्भुत तोहफा दिया है। इस भजन को इंदौर के बॉलीबुल्स एंटरटेनमेंट,श्रीराम फाइबर ,मोरया सरिया के सहयोग से बनाया गया। प्रोड्यूसर मोतीलाल तुहीराम गुप्ता ने इस गीत को प्रोड्यूस किया है। अनूप जलोटा की आवाज में बना गीत यूट्यूब पर लांच होने के साथ ही चंद घंटों में 3 हजार से ज्यादा लाइक मिल चुके है।

### भजन में श्रीकृष्ण के हर मंदिर की झलक

इंदौर के बॉलीबुल्स टीम के गौरव खंडेलवाल,सुलभ खंडेलवाल,सचिन पटवर्धन,अमन काजमी के साथ पूरी टीम ने बनाया है। गौरव खंडेलवाल ने बताया कि हमारी टीम कई दिनों से इस गीत को लेकर तैयारी कर रहे थे। मुंबई और इंदौर की टीम ने इस गीत को खासतौर पर जन्माष्टमी के लिए बनाया है। यूट्यूब पर भक्ति गीतों के यूजर्स के लिए हमने खासतौर पर भजन सम्राट अनूप जलोटा की आवाज में शानदार भजन पेश किया है। हमें उम्मीद है कि इंदौर के कलाकारों की मेहनत और अनूप जलोटा की आवाज में पिरोया गया यह भजन जल्द ही यूट्यूब पर यूजर्स की पसंद बनेगा। उन्होंने बताया कि इस भजन में इस्कॉन और श्रीकृष्ण मंदिरों की लोकेशन खासतौर पर शूट की गई। इसमें कृष्ण के हर स्वरूप का वर्णन इस गीतों के जरिए किया गया। इस गीत को बनाने वाली टीम में प्रोड्यूसर हेड सचिन पटवर्धन,म्यूजिक प्रोड्यूसर जयेश भावसार,मोहित चौहान,सौरभ पाटील,संजीव कुमार,रोहित येवले,अरुण राज,विवान ठाकुर के साथ कलाकारों की टीम ने बनाया है।

## 16 वर्षीय नाबालिग लापता

इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र से रविवार को एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की गुमशुदा हो गई। नगर के मोती नगर में रहने वाले वाले परिवार ने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। सागौर थाने के सहायक उपनिरीक्षक गोरी शंकर सोलंकी ने बताया कि मोतीनगर सागौर में रहने वाले मजदूर परिवार के मुखिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग करीब 24 घंटे से घर से लापता है। परिजनों ने अपने रिश्तेदारों और जान-पहचान के लोगों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने किसी व्यक्ति के बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की आशंका जाहिर की है। एसआई गोरी शंकर सोलंकी ने बताया कि पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश में नजदीकी बस स्टैंड पर टीम रवाना कर दी है।

## शराब के लिए युवक पर हमला

इंदौर। शराब पीने के रूपए न देने पर गुंडे ने एक युवक पर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया। खजराना पुलिस के मुताबिक घटना साईनाथ किराना के पास खजराना में हुई। गोलू पिता मुरारी बिलरवाल निवासी मालवा मिल की रिपोर्ट पर आरोपी अनिल उर्फ मच्छी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और शराब पीने के लिए रूपए मांगे। उसने रूपए देने से मना कर दिया तो आरोपी ने गाली गलौज की और लात घूसों से मारपीट की। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसी प्रकार एमजी रोड़ इलाके में शराब पिलाने की बात पर हुए विवाद में आरोपी ने फरियादी पर डंडे और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक हमले की घटना नेताजी सुभाष मार्ग पर मस्त बजरंग मंदिर के पास हुई। फरियादी राजेंद्र पिता राम चरण सोलंकी(55) निवासी केदार नगर की रिपोर्ट पर आरोपी आशीष यादव निवासी रामबाग पेट्रोल पंप वाली गली पर केस दर्ज किया गया। आरोपी ने फरियादी से शराब पिलाने की बात को लेकर विवाद किया और गालियां दी। गाली देने से मना करने पर उसने डंडे और नुकीली वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

## युवक को लात-घूंसों से पीटा

इंदौर। चंदननगर इलाके में आरोपी ने एक युवक की लात घूंसो से पिटाई कर दी। आरोपी बोला क्यों रे आजकल बहुत वीडियोग्राफी कर रहा है। फरियादी नीरज उर्फ भोला पिता लक्ष्मण वानिया निवासी गीता नगर की रिपोर्ट पर आरोपी करण पिता कालू निवासी धार रोड पर केस दर्ज किया गया। घटना सिपुर कालोनी के पास धार रोड पर हुई। फरियादी ने बताया कि आरोपी मिला और गालियां दी। बोला कि तू आजकल बहुत वीडियोग्राफी कर रहा है आज तुझे देखता हूं। फिर मारपीट कर दी जिससे चोट लगी।

## वक़्फ संपत्ति की सुरक्षा को लेकर हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ

इंदौर। मध्यप्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व सचिव शाहनवाज खान ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति मे बताया की आज खजराना स्थित खिजराबाद कालोनी चौराहे पर खजराने के नागरिकों के द्वारा इंदौर की वक्फ की बेशकीमती करोडो अरबो रुपये की मूल्य की भूमि पर भूमाफियों द्वारा अवैध कब्जे किये जा रहे है, उन्हें रोकने एवं वक्फ भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटाकर वक्फ की संपत्तियों को चिन्हित करके तार फेसिंग कर म.प्र भूमि के बोर्ड वक्फ संपति के बोर्ड लगाए जाने की माँग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जनता मे वक्फ संपत्तियों के लिए जनजागृति लाने के लिए इंदौर के अन्य स्थानों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा।

# घर में आग लगाकर भागा बदमाश

**महिला ने पकड़ा तो धक्का दिया,सास से झगड़े के चलते रंजिश में की वारदात**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में एक बदमाश ने घर में आग लगा दी। घटना समय परिवार अंदर सो रहा था। अलसुबह महिला नींद से जागी तो जानकारी लगी। महिला की आवाज से उसकी उसकी ननंद ओर बेटा आरोपी के पीछे पकडने भी भागा। लेकिन ननंद को धक्का देकर आरोपी भाग गया। बाद में महिला ने थाने आकर केस दर्ज करा दिया।**

जूनी इंदौर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आशा बरोले की शिकायत पर इसराईल उर्फ नींबू पर आगजनी करने सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आशा ने बताया कि वह जबरन कॉलोनी में ननंद रेखा,बेटे मोहित व ससुर अशोक के साथ रहती है। रविवार की रात में दरवाजा लगाकर सो गए। सोमवार सुबह करीब 5 बजे के लगभग धुएं की गंध से नींद खुली। घर में धुआं फैला तो ननंद और बेटे को आवाज लगाई। जिसमें देखा तो दरवाजे के पास कपड़ा जल रहा था। जो अंदर तक किसी ने ठूसा हुआ था। तुरंत दरवाजा खोला तो बाहर इसराइल हाथ में प्लास्टिक की बोतल लेकर खड़ा था। जिसमें ज्वलनशील पदार्थ था। देखकर वह गली में भागा। जिसमें बेटे मोहित ओर ननंद रेखा ने उसका पीछा किया। इस दौरान रेखा ने उसे पकड़ लिया। इसराईल ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। जिसमें हाथ में चोट आई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। पीडिता ने बताया कि सुबह उसकी सास लीलाबाई जो भूरी टेकरी में रहती है। उनसे इसराइल का विवाद हुआ। परिवार के मुतिाबिक उन्हें शंका है कि आरोपी ने उसी बात की रंजिश रखते हुए यह सब किया। इसराइल का अपराधिक रिकार्ड है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# गौरव हाड़ा के परिजन आज निकालेंगे कैंडल मार्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गत दिनों बाणगंगा इलाके में कोचिंग संस्थान की टीचर की ब्लैकमेलिंग से प्रताडित होकर छात्र गौरव हाड़ा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। मामले में न्याय की गुहार लगाने मृतक छात्र के परिजन आज 27 अगस्त को कैंडल मार्च निकालेंगे। यह कैंडल मार्च शाम 7 बजे से परदेशीपुरा से पाटनीपुरा तक निकाला जाएगा।**

इस कैंडल मार्च में भारी संख्या में सामाजिक और न्याय प्रिय संगठनों के शांमिल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि इसी मार्ग पर वह कोटिंचग सेंटर भी है, जहां उक्त टीचर गौवर को पढ़ाती थी। उक्त कोचिंग सेंटर के नीचे भी मौन धारण कर श्रद्धांजली दी जाएगी। पीडित के पिता राजू निवासी फर्शीवाली गली भागीरथपुरा ने बताया कि छात्र ने 5 अगस्त को आत्महत्या की थी। उसे नंदानगर रोड नंबर 12 स्थित कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ाने वाली शिक्षिका ने आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। पढ़ाई के दौरान छात्र की शिक्षिका से दोस्ती हो गई थी। दोनों कई बार घुमने भी गए थे। छात्र ने शिक्षिका पर करीब 5 लाख रुपए खर्च किए थे। बार-बार पैसों की मांग से तंग आकर जब छात्र ने मेलजोल बंद कर दिया तो कथित शिक्षिका ने दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद महिला थाने में छात्र को प्रताडित किया था। बमुश्किल महिला पुलिस को 50 हजार रुपए देकर छात्र को उसके पिता ने छुड़वाया था। मामले में लेनदेन के आरोप लगने पर एडिशनल पुलिस उपायुक्त प्रियंका डूडवे ने पुलिसकर्मियों और मृतक के परिजनों को बयान लिए थे। बयान के बाद जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उधर, बाणगंगा पुलिस ने शिक्षिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

◆ बर्थडे गैंग का हंगामा

## रास्ता जाम कर सड़कों पर बुलेट के साइलेंसर से निकालते रहे पटाखे जैसी आवाजे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में बर्थडे गैंग का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें कुछ युवा सडक पर जाम लगाकर खड़े हैं। इतना ही नही युवकों ने सडक़ों पर बुलेट दौड़ते हुए पटाखे जैसी आवाजें भी निकाली। इस घटनाक्रम से रहवासी भयभीत होते रहे।**

जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो टिगरीया बादशाह का बताया जा रहा है। यहां रात में बर्थडे बनाते हुए युवाओं ने काफी हंगामा किया। उन्होंने सडक़ पर जाम लगाया। इस दौरान युवक टू व्हीलर गाडियों से निकले और सडको पर बुलेट के साइलैंसर से पटाखे जैसी आवाजे निकालते रहे। इस दौरान आसपास की कॉलोनी के रहवासी बाहर आए। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंचे। करीब एक घंटे तक यहां पर युवा हंगामा करते रहे। बुलेट के साइलैंसर को मोडिफाइड कर उसमें आवाज निकालने को लेकर पूर्व में थाने ओर ट्रैफिक की पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। जिसमें कई दुकान मालिक ओर गैरेज संचालकों को भी समझाइश दी गई। इसके बावजूद शहर में इस तरह के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

## सामाजिक समरसता से समाज होगा मजबूत

इंदौर। विश्व हिंदू परिषद के 60 वे स्थापना दिवस पर हवा बंगला चौराहा स्थित अहिल्या परिसर गार्डन में विभिन्न आयोजन हो रहे है। यह जानकारी देते हुए जिला मंत्री पप्पू कोचले ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष मालासिंह जी ठाकुर, जिला अध्यक्ष प्रकाश सेवानी, सह सयोजक मोहन हटकर एवं अनिल पाटिल अतिथि थे। मुख्य वक्ता मुकेश चौधरी ने विश्व हिंदू परिषद के कार्य एवं उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की मजबूती के लिए समरसता जरूरी है।सभी अतिथियो का स्वागत तलवार भेंट करके किया गया। मंच पर संत समाज विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन किया पप्पू कोचले ने। कार्यक्रम में हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मालवा-निमाड़ में 9.70 फीसदी ज्यादा बिजली आपूर्ति

◆ जारी वित्तीय वर्ष में 1169 करोड़ यूनिट वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जारी वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक 1169 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति की है। यह गत वर्ष समान अवधि की तुलना में 9.70 प्रतिशत ज्यादा है।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में गत वर्ष 1 अप्रैल से 25 अगस्त तक 1065 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई थी, इस वर्ष 1169 करोड़ यूनिट बिजली का वितरण हो चुका है। जारी वर्ष में इंदौर शहर के साथ ही उज्जैन, देवास, रतलाम शहर में बिजली की रिकार्ड तोड़ मांग रही, इसी के मद्देनजर प्रभावी आपूर्ति हुई।

इंदौर जिले में 260 करोड़ यूनिट, धार जिले में 200 करोड़ यूनिट, खरगोन जिले मे 107 करोड़ यूनिट आपूर्ति हुई। इसी तरह उज्जैन जिले में 109 करोड़ यूनिट, देवास जिले में 97 करोड़ यूनिट, रतलाम जिले में 66 करोड़ यूनिट बिजली इस वर्ष अब तक वितरित हुई है। कंपनी क्षेत्र के अन्य जिलों में 24 करोड़ यूनिट से 60 करोड़ यूनिट बिजली वितरण हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि सभी 15 जिलों में आपूर्ति की दैनिक समीक्षा की जाती है।

# जामगेट और मानपुर क्षेत्र में 5000 सीडबॉल से किया पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सिटी ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रकृति सेवा का जो संकल्प लेकर अपने पिछले प्रकल्प में जंगली फूल (पलाश, गुलमोहर इत्यादि) और फलदार वृक्ष (अमरुद, सीताफल, आंवला, इत्यादि) के 5000 सीडबॉल तैयार करवाए। लक्ष्य रखा वर्ष 2024 में 4048 पौधारोपण का, जो सिर्फ 1 दिन में हासिल किया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन अनीश मलिक के आह्वान पर शहर के 19 रोटरी क्लब उनसे जुड़ गए और 25 अगस्त को 40 कारों की रैली निकली। इंदौर से जामगेट और मानपुर तक 5000 सीडबॉल से प्लांटेशन किया। कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रकृति को इस से बेहतर कोई और उपहार क्या हो सकता है। इस अभियान में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के सभी रोटरी क्लबों के सदस्य एक वृहद् कार रैली निकाली। इसका आग़ाज और फ्लेग ऑफ डीसी बिजनेस स्कूल से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक, क्लब अध्यक्ष धीरज शर्मा और अन्य गणमान्य रोटरी सदस्यों के द्वारा किया गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 मंडलाध्यक्ष रोटेरियन अनीश मलिक ने सभी समाजसेवियों से अनुरोध किया कि हर व्यक्ति प्रति वर्ष 1 पेड़ मां के नाम के साथ कम से कम 50 सीडबॉल भी लगाए तो शायद



हमारा मध्य प्रदेश विश्व का सबसे घना हरित प्रदेश बन जाए। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सिटी अध्यक्ष धीरज शर्मा ने कहा - प्रकृति भी इस महान उद्देश्य का स्वागत करती है। मेघ भी पिछले 2 दिनों से पृथ्वी को पौधारोपण के लिए तैयार कर रहे हैं। अब कुछ वर्षों में हम 4 से 5 हजार नए वृक्षों की लहलहाती और खुशियां बांटती फसल देखेंगे।

बच्ची को अगवा कर महिला पर डाला रिलेशन का दबाव

# 10 महीने की मासूम रोई, पकड़े जाने के डर से हत्या की, शव कुएं में फेंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम,(एजेंसी)। रतलाम में महिला पर रिलेशन बनाने का दबाव डालने के लिए आरोपी ने उसकी 10 महीने की बेटी को किडनैप किया। अगवा कर ले जाते समय बच्ची के रोने पर पकड़े जाने के डर से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव कुएं में फेंक दिया।**

घटना 17 अगस्त की है। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को पूछताछ के बाद यह खुलासा किया। मामला कालूखेड़ा के लसुडिया नाथी गांव का है। आरोपी पड़ोस में रहने वाला दशरथ कटारिया है।



### मां के बगल से बच्ची को उठा ले गया था

उपरवाड़ा की रहने वाली प्रेमा का लसुड़िया नाथी में मायका है। वह 1 साल से यहीं रह रही हैं। डिलिवरी के पहले से वह मायके आ गई थीं। 17 अगस्त की रात प्रेमा घर में बच्ची तनु के साथ सो रही थीं। रात 11 से 12 बजे के बीच उनकी नींद खुली तो बच्ची पास में नहीं थी। कमरे का अंदर से दरवाजा बंद था, लेकिन खिड़की खुली हुई थी। रात में ही पति को जानकारी दी, इसके बाद पुलिस को जानकारी दी।

### ससुराल में छिपकर बैठा था आरोपी

एसपी राहुल कुमार लोढ़ा के मुताबिक, ह्वडॉग स्निफर ने घटनास्थल की जांच की। बच्ची के मकान से डॉग 3 किलोमीटर दूर चिकलाना में एक मकान तक पहुंचा। यहां शराब मिलती है। पूछताछ में दशरथ कटारिया का नाम भी सामने आया। इस आधार पर दो बार उससे पूछताछ की, लेकिन कोई क्लू नहीं मिला। यहां तक कि आरोपी बच्ची की तलाश में गांव के लोगों के साथ भी में रहा।

एसपी ने बताया, ह्वबाद में जब क्लू मिला, तब तक आरोपी फरार हो गया। आरोपी राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के हथुनिया थाना के बरोठा स्थित अपने ससुराल में खेत की झोपड़ी में छिपा था। रविवार सुबह राजस्थान पुलिस के कॉन्स्टेबल सुरेश मीणा ने उसे पकड़ा, इसके बाद रतलाम पुलिस को सूचना दी।

### आरोपी का घर गिराने की मांग

आरोपी की पुलिस पकड़ में आने के बाद खारोल समाज ने कालूखेड़ा थाने पर धरना दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे समाजजन आरोपी को फांसी देने और मकान तोड़ने की मांग कर रहे थे। दोपहर बाद जावरा एसडीएम त्रिलोचन गौड़, एसडीओपी शक्तिसिंह चौहान पहुंचे। लोगों से बातचीत की और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सिंधिया बोले- विपक्ष बोलना बंद करे, काम करे

◆ केंद्रीय मंत्री ने कहा- हिमाचल-कर्नाटक में ओपीएस लागू करके दिखाए कांग्रेस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** ग्वालियर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, विपक्ष और विपक्ष के पूर्व अध्यक्ष चिल्ला रहे हैं। मैं उनको बोलना चाहूंगा कि चिल्लाना बंद करें और काम करें। जनता बोलने वाली नहीं, काम करने वाली सरकार चाहती है।

सिंधिया सोमवार को जन्माष्टमी पर एक दिवसीय दौरे पर ग्वालियर पहुंचे हैं। सिंधिया ने कोटेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना भी की। वे यहां यादव समाज के चल समारोह में भी शामिल होंगे। सिंधिया ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि केंद्र सरकार ने हाल में यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) लॉन्च की है। इसे लेकर विपक्ष हंगामा कर रहा है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में तो विपक्ष की सरकार है। वहां विपक्ष के घोषणा पत्र में ओपीएस मेंशन है फिर क्यों डर रहे हैं? वहां लागू करें। यही विपक्ष के साथ परेशानी है। बोलती है, पर करती नहीं। विपक्ष का काम ही विरोध करना है। विपक्ष का काम ही है देश को खड्डे में ले जाकर छोड़ना। विपक्ष के कई ऐसे राज्य हैं, जहां उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम पर 10% से आगे पैसा नहीं बढ़ाया। विपक्ष के राज्यों की कथनी और करनी में अंतर है।

### विपक्ष के घोषणा पत्र में था ओपीएस

सिंधिया ने कहा, विपक्ष के घोषणा पत्र में ओपीएस शामिल था, फिर लागू क्यों नहीं किया? जनता को आपने कहा था कि ओपीएस लागू करेंगे। भाजपा कामदारों की सरकार है, नामदारों की सरकार नहीं।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर कहा कि कॉन्क्लेव में ग्वालियर चंबल संभाग के लिए अच्छी घोषणाएं होंगी। 48 घंटे का समय है। थोड़ा इंतजार कीजिए। हमारा संभाग दिल्ली का काउंटर मैग्नेट बन सकता है।

## व्यापारी के घर से 30 तोला सोना, 1 किलो चांदी चुराई

मैगी बनाकर खाई, बर्तन धोकर गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़ ,(एजेंसी)।** राजगढ़ में एक किराना व्यापारी के घर लाखों रुपए की चोरी हो गई। चोर पहले छत पर चढ़े। फिर लिफ्ट के लिए छोड़ी गई जगह में बल्ली फंसाकर नल की पाइप लाइन के सहारे 20 फीट नीचे उतरे। वे घर से 30 तोला सोना, 1 किलो चांदी और ढाई लाख रुपए कैश लेकर भागे हैं।

चोरों ने करीब 30 घंटे तक घर की लाइट बंद रखी, जिससे सीसीटीवी में वारदात रिकॉर्ड नहीं हुई। उन्होंने घर पर मैगी बनाकर खाई और बर्तन भी धोकर रख गए। टीआई वीर सिंह ठाकुर का कहना है कि वारदात रमेश गुप्ता (60) के मकान में हुई। गुप्ता राजगढ़ के बड़े किराना व्यापारी हैं। वे 21 अगस्त को शाम 6 बजे परिवार समेत तीर्थ यात्रा पर गए थे। उनके साथ पत्नी सुमित्रा गुप्ता (57), बेटा विनोद (37), अभिषेक (27), बहू रानू (34) और अंजलि (25), पोती नृत्या (7) और पोता कान्हा (9 माह), बेटी रचना (28) और दामाद सुदर्शन गुप्ता (30) उनका बेटे राघव (6) भी गए थे।

परिवार 4 दिन बाद रविवार रात करीब 11 बजे ओरछा, अयोध्या, काशी, प्रयागराज और बागेश्वर धाम दर्शन कर घर पहुंचा। घर पर ताला जस का तस लटका हुआ था। ताला खोलकर परिवार भीतर दाखिल हुआ और दूसरी मंजिल पर पहुंचा तब वारदात का पता चला। गुप्ता की छोटी बहू अंजलि ने बताया कि मैं जब घर में दाखिल हुई तो सामान अस्त-व्यस्त देखकर चोरी की आशंका हुई। मैं तत्काल दूसरी मंजिल पर पहुंची और बेडरूम में जाकर देखा तो पलंग पर कुछ चिल्लर और ज्वेलरी के खाली बॉक्स पड़े हुए थे।

अलमारी खोलकर देखा तो 30 तोला सोना और 1 किलो चांदी के जेवर गायब थे। इसके बाद हमने सासू मां के बेडरूम में जाकर उनकी आलमारी को चेक किया तो वहां से ढाई लाख रुपए गायब थे। ससुर जी ने राजगढ़ पुलिस को रात करीब 12 बजे सूचना दी। कोतवाली थाना प्रभारी वीर सिंह ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलवाया।

### बिना ताला तोड़े घर में घुसे चोर

पीड़ित परिवार ने बताया कि चोर मकान में मेन गेट से दाखिल नहीं हुए। वे छत के रास्ते नीचे उतरे। छत के टॉवर पर एक गेट है, जिसे तोड़कर लिफ्ट के लिए छोड़ी गई जगह में बल्ली फंसाई, फिर पानी के पाइप के सहारे करीब 20 फीट नीचे उतरकर घर के अंदर दाखिल हुए। आलमारी की चाबी हमने दूसरी मंजिल के हॉल के अंदर रखे बॉक्स में रख दी थी। चोरों के हाथ एक अलमारी की चाबी लग गई, जिससे उन्होंने लॉकर को खोल लिया। वहीं, दूसरे लॉकर का लॉक तोड़कर जेवर और नकदी चोरी की।

अंजलि ने बताया कि पूरे घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। चोरों ने घर की रैकी की होगी, क्योंकि चोरी के पहले उन्होंने मकान की लाइट बंद कर दी थी। चोरों ने किचन में रखी मैगी बनाकर खाई। खाने के बाद बर्तन भी धोकर गए। चोरों ने बीड़ी भी पीकर घर में ही फेंक दी थी।

प्रभारी प्राचार्य ने किया 11वीं की छात्रा से रेप

## छात्रा बोली-परीक्षा फॉर्म भरवाने कार में ले गया जबरन शराब पिलाकर किया गलत काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर ,(एजेंसी)।** अनूपपुर में 19 साल की एक छात्रा ने स्कूल के प्रभारी प्राचार्य पर रेप का आरोप लगाया है। छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पर रेप का केस दर्ज कर लिया है।

घटना 23 अगस्त की है। छात्रा का आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य ने उसे जबरन शराब पिलाकर गलत कार्य किया। साथ ही मारपीट भी की। जैसे-तैसे भागकर घर आई छात्रा ने परिजनों के साथ करनपठार थाना पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने 25 अगस्त (रविवार) को मामला दर्ज किया। इधर, विभाग ने प्रभारी प्राचार्य को हटा दिया है। साथ ही उन पर निलंबन की कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

शिकायत में छात्रा ने बताया- ह्वमैंने 11वीं की पढ़ाई 2023 में शहडोल के सरकारी स्कूल में की। इस साल में 12वीं की परीक्षा ओपन से देना चाह रही थी। इसके लिए मैंने 23 अगस्त को प्रभारी प्राचार्य उदय नारायण सिंह बघेल से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा का फॉर्म यहां नहीं भरता है। इसके लिए शहडोल जाना पड़ेगा। वह मुझे कार से शहडोल जाने का बोलकर ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में उन्होंने कार को एक स्कूल की तरफ मोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने मेरा फोन छीन लिया और मुझे जबरन शराब पिलाने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। फिर मेरे साथ रेप किया। इसके बाद मैं वहां से भाग गई। घर आकर पूरी घटना परिजनों को बताई।

आरोपी प्रभारी प्राचार्य का नाम उदय नारायण सिंह बघेल है। पुष्पराजगढ़ एसडीओपी नवीन तिवारी ने कहा कि पीड़ित छात्रा ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। करनपठार पुलिस ने प्रभारी प्राचार्य सिंह के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## संपादकीय

# अमन की राह में भारत के कदम

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता। यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं। पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे  सवाल है।भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

### अर्ज़ किया है..!

*ना-उमीदी मौत से कहती है*
*अपना काम कर*
*आस कहती है ठहर ख़त का*
*जवाब आने को है*

-फ़ानी बदायुनी

isha



**विविधता एक ताकत है। इस संस्कृति में विविधता समृद्धि से आई है, विभाजन से नहीं।**

- जग्गी वासुदेव

## Health is Welth

# बच्चे के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए सुबह उठते ही जरूर करें 3 काम

### बदल जाएगी जिंदगी

सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे का दिमागी विकास बेहतर होने के साथ उसका जीवन भी हमेशा खुशहाल बना रहे। लेकिन कई बार जाने अनजाने माता-पिता कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो बच्चे के ब्रेन डेवलपमेंट के आगे रूकावट बनने लगती है। उदाहरण के लिए, अगर आपका बच्चा सुबह रोते हुए उठता है और आप उसे बेमन या डांटकर चुप करवाने की कोशिश करते हैं तो उसका पूरा दिन चिड़चिड़ा और जिद पकड़कर रखने वाला गुजरेगा। लेकिन आप अगर उसके दिन की शुरुआत प्यार-दुलार के साथ करते हैं तो उसका पूरा दिन पॉजिटिव एनर्जी के साथ भरा हआ रहता है। आर्शीवाद चाइल्ड एंड फैमिली क्लिनिक के डॉ. सुरजीत गुप्ता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके बताया है कि सुबह के 10 मिनट बच्चे के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए बेहद जरूरी होते हैं। उनके इस स्पेशल समय को स्पेशल बनाना सभी माता-पिता की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। आइए जानते हैं आखिर कैसे ।



#### बच्चे को करें किस और हग

बच्चे के लिए सुबह के 10 मिनट बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में उसकी सुबह की शुरूआत कुछ इस तरह के शब्दों के साथ करें- गुड मार्निंग सन शाइन, आज का दिन सिर्फ तुम्हारा है, आप दिल से बहुत अच्छे और दिमाग से बहुत तेज हो। चलो कुछ देर घर से बाहर ठहल कर आते हैं और दुनिया को अपनी नजरों से देखने की कोशिश करेंगे। इसके बाद बच्चे को बहुत सारी मार्निंग हग और किस दें। आपके ऐसा करने से बच्चा सुबह-सुबह ही एक खूबसूरत पॉजिटिविटी के साथ उठता है।

#### दुनिया एडवेंचर और एक्साइटमेंट से भरी हुई है

बच्चे के सुबह उठते ही उसे कहें कि यह दुनिया कई खूबसूरत एडवेंचर और एक्साइटमेंट से भरी हुई है। बच्चे से पूछें कि वो अपनी आज की सुबह को किस तरह मजेदार बनाना चाहता है। उदाहरण के लिए अपने दोस्तों के साथ स्कूल में कुछ अच्छा पढ़कर या खेलकर या फिर कोई अच्छी हेल्दी मील एन्जॉय करके। आपके इस सवाल से बच्चे को यह सोचने का मौका मिलता है कि वो अपना दिन और किस तरह अच्छा बना सकता है। ऐसा करके बच्चा अपने इस आने वाले दिन में पॉजिटिविटी ढूंढने की कोशिश करने लगता है।

#### बच्चे को बताएं वो कितना अच्छा है

बच्चे को सुबह उठते ही बताएं कि वो कितना खास और अच्छा है। आप उसपर कतना विश्वास करते हैं और उसकी खुशी आपके लिए कितनी मायने रखती है। आपके बच्चे को ऐसा कहने से उसके भीतर आत्मविश्वास पैदा होता है और वो खुद पर भरोसा करके जीवन में आने वाले हर कठिन समय और चैलेंज का सामना करने का हिम्मत आसानी से जुटा लेता है।

Paschim bangal

# कोलकाता कांड के विरोध में आज मार्च, रोकने को 6000 पुलिसकर्मी तैनात; किलेबंदी

**कोलकाता, (एजेंसी)** कोलकाता में आज शहर में विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा की आशंका को देखते हुए विरोध मार्च नबन्नो अभिजन के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नबन्नो पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है जहां से राज्य सरकार काम करती है। इसमें मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष मंत्रियों और अधिकारियों के कार्यालय हैं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय डॉक्टर के साथ 9 अगस्त को बलात्कार और हत्या के लिए न्याय की मांग करने के लिए एक अपंजीकृत संगठन ने छात्र संगठन होने का दावा करते हुए राज्य सचिवालय तक विरोध मार्च की घोषणा की है।

वहीं पुलिस का कहना है कि उन्हें इस विरोध मार्च में साजिश की बू आ रही है। पुलिस ने कहा है कि नागरिकों के गुस्से का दुरुपयोग करके पश्चिम बंगाल में अराजकता फैलाने की साजिश की जा रही है। कोलकाता पुलिस का दावा है कि उनके पास सूचना है कि 'नबन्ना अभिजन' का आयोजन करने वाले व्यक्तियों में से एक ने एक प्रमुख शख्स ने फाइव स्टार होटल में एक राजनीतिक पार्टी के नेता से मुलाकात की है। पुलिस का यह भी दावा है कि उनके पास खुफिया जानकारी है कि इस मार्च में पुलिस को बल प्रयोग करने के लिए उकसा कर बड़े पैमाने पर अराजकता पैदा करने की साजिश की जा रही है।NDTV ने एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 6,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा और बैरिकेडिंग के लिए 19 जगहों की पहचान की गई है।




Maharashtra

## नर्सिंग छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न, सड़क पर उतरीं नर्सें, फांसी की मांग



**रत्नागिरी, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नर्सिंग की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न की हैरान करने वाली घटना सामने आई है. युवती को बेहोशी की हालत में पाया गया है. फिलहाल सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है. युवती के शरीर पर जख्म भी मिले हैं. घटना के बाद से नर्सिंग की छात्राओं में गुस्सा है. नर्सों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया है और आरोपियों को फांसी देने की मांग की है.

पुलिस के मुताबिक नर्सिंग छात्रा रत्नागिरी के चंपक मैदान में बेहोशी की हालत में मिली है. पुलिस ने युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. इस घटना के बाद रत्नागिरी में माहौल तनावपूर्ण हो गया है. गुस्साई भीड़ ने घटना के विरोध में हंगामा किया है. घटना के विरोध में सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिला सामान्य अस्पताल (सिविल अस्पताल) के सामने नागरिकों ने धरना भी दिया है. प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए जयस्तंभ और मारुति मंदिर की तरफ जाने वाले यातायात को दोनों तरफ से रोक दिया. बता दें कि उपविभागीय पुलिस अधिकारी निलेश मैनकर और शहर पुलिस निरीक्षक महेश तोरास्कर ने गुस्साई भीड़ के साथ चर्चा की और जांच के लिए कुछ समय देने की बात कही है. युवती के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिन्हें जांच में काम में लिया जाएगा. पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही पकड़ लिए जाएंगे.

Uttarakhand

## कार का एसी था ऑन, गाड़ी के अंदर इस हाल में मिले प्रेमी-प्रेमिका

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक कार के अंदर टैक्सी ड्राइवर और उसकी गर्लफ्रेंड की लाश मिली है. जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कार का इंजन चल रहा था और एसी चालू था. शुरुआती जांच में सामने आया कि दोनों नशे में थे. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीते सोमवार को एक कार के अंदर टैक्सी ड्राइवर और उसकी कथित गर्लफ्रेंड मृत पाई गई, लेकिन घटनास्थल से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राजेश साहू (50) और महेश्वरी देवी (45) के रूप में हुई है. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कार सहस्त्रधारा हेलीपैड के पीछे नागल रोड पर मिली, जिसका इंजन अभी भी चल रहा था और एसी भी चालू था. शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि साहू और देवी नशे में थे. अधिकारी ने कहा, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी जारी नहीं की गई है. राजेश साहू के पास यह कार थी और वह इसे टैक्सी के रूप में चलाते थे, जबकि महेश्वरी देवी विधवा थीं. पुलिस ने बताया कि कथित तौर पर उनका अफेयर चल रहा था. उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला.

New Delhi

## देश भर में आसमान से आफत की बारिश; राजस्थान समेत पांच राज्यों में तीन दिन भारी बारिश व बाढ़ का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई हिस्सों, विशेष तौर पर मध्य व पश्चिमी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। गुजरात में दो दिनों से हो रही बारिश से अहमदाबाद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वहीं, मौसम विभाग ने गुजरात के साथ ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा और महाराष्ट्र में अगले दो से तीन दिन भारी वर्षा और आकस्मिक बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

मोरबी में नदी के बाढ़ वाले रास्ते को पार करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली बह गई, जिसमें 10 लोगों को बचा लिया गया है, पर अभी सात लोग लापता हैं। वहीं, जम्मू कश्मीर के रामबन में बादल फटने से नाले में अचानक आई बाढ़ में महिला और उसके दो बच्चे बह गए।

गुजरात में बाढ़ से कई जिलों की बड़ी आबादी प्रभावित है। राज्य में वर्षा जनित हादसों में तीन लोगों की मौत हुई है। मोरबी जिले में 17 लोगों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली रविवार रात पानी के तेज बहाव में बह गई। लापता सात लोगों की तलाश में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें लगाई गई हैं। नवसारी के खेरगाम तालुका में 24 घंटे में सर्वाधिक 356 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जलस्तर बढ़ने से सरदार सरोवर बांध के 30 में से 23 गेट खोलने पड़े हैं। 3.95 लाख क्यूसेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा गया है। बाढ़ के खतरे के मद्देनजर भरूच के निचले इलाकों से 280 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।

खेल

# आईसीसी ने जारी किया टी20 विश्व कप का शेड्यूल, भारत-पाकिस्तान के बीच इस दिन होगा मुकाबला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** महिला टी20 विश्व कप 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इस टूर्नामेंट का आगाज तीन अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश से टूर्नामेंट की मेजबानी छीनी थी। सभी मुकाबले दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।




### दो ग्रुप में बंटीं टीमें

महिला टी20 विश्व कप में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमों को रखा गया है। वहीं, ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट से पहले 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच खेले जाएंगे।

### कब खेले जाएंगे दोनों सेमीफाइनल?

टूर्नामेंट में हर एक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी, जिसमें हर ग्रुप से शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें 17 और 18 अक्टूबर को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसके बाद 20 अक्टूबर को दुबई में फाइनल होगा। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह सेमीफाइनल-1 में खेलेगा। दुबई और शारजाह में कुल 23 मैच खेले जाएंगे।

### कब होगा भारत और पाकिस्तान के बीच मैच?

भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। दोनों टीमें ग्रुप ए का हिस्सा हैं। छह अक्टूबर को भारतीय टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से दुबई में होगा। यह मुकाबला दोपहर दो बजे से खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब तक आगामी टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा नहीं की है। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम की कमान फातिमा सना को सौंपी है।

### पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है :

फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नशरा संधू, निदा डार, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल (फिट होने पर), सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब और तुबा हसन। रिजर्व: नजीहा अल्वी (विकेटकीपर)।

सिनेमा

## कंगना को मिली जान से मारने की धमकी, फिल्म 'इमरजेंसी' के विरोध में जारी किया वीडियो




बॉलीवुड एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनौत को जान से मारने की धमकी मिल रही है. ये धमकियां उन्हें फिल्म 'इमरजेंसी' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज होने के बाद से ही दी जा रही है. इसके पीछे कट्टरपंथी सिख संगठन हैं. विक्की थॉमस सिंह, एक ईसाई से निहंग बने व्यक्ति ने एक वीडियो जारी किया. जिसमें कंगना रनौत को खुलेआम जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि 'अगर फिल्म में उन्हें यानी मारे गए खालिस्तानी नायक जरनैल सिंह भिंडरावाले को आतंकवादी के रूप में दर्शाया गया है, तो याद रखें कि इंदिरा गांधी के साथ क्या हुआ था, जिनकी फिल्म आप बना रहे हैं? सतवंत सिंह और बेअंत सिंह कौन थे? हम संतजी को अपना सिर अर्पित करेंगे, और जो सिर अर्पित कर सकते हैं, वो अपना सिर भी काट सकते हैं.' वहीं कई सिख संगठन ने कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर बैन लगाने की भी मांग की है. संगठनों के मुताबिक फिल्म में सिख कम्यूनिटी को ''बैड लाइट्स'' में दिखाने की कोशिश की गई है. हालांकि फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होनी है और अभी तक इसका सिर्फ ट्रेलर ही रिलीज किया गया है, बावजूद इसके इसपर बैन लगाने की मांग की जा रही है.

## Highlights

1. Several trains cancelled amid flood in Vadodara, list released
2. Auto driver drugs, rapes 19-yr-old nursing student on her way home in Maharashtra
3. Stampede-like situation at Patna ISKCON temple on Janmashtami, several injured
4. Traffic curbs in Kolkata due to protest over rape-murder case
5. Women should be able to walk streets at 3 am & feel protected: Vikram

# New base year for retail inflation likely



**NEW DEIHI, (Agency).** A Union government-appointed panel formed to update the Consumer Price Index (CPI), which tracks changes in retail prices, is likely to revise the base year used to measure inflation from 2012 to 2024 and lower the weight assigned to food items to keep pace with changing consumption patterns, two officials aware of the matter said.

A 22-member panel set up by the ministry of statistics and programme implementation is currently working on arriving at a new base year for various price indices, including the Wholesale Price Index (WPI), which tracks producer prices, as well as determining updated weights assigned to commodities covered by them.

"The base year has to be a so-called normal year, one during which we don't see too much divergence. So, we are reviewing such normal years after the pandemic. It will likely be 2024," a panellist said, requesting anonymity.

A revision of the headline inflation gauge was necessary because the 2012 threshold is outdated and the basket of items consumed by households has expanded since 2012, when the CPI's composition was last revised.

Since prices keep varying, economists fix a base year in which all values are held constant, to track indices such as inflation. The base year is a reference against which all other values are compared. In an index such as CPI, the base year is usually assigned a value of 100.

# Nvidia's multi-millionaire employees work till 2 am, 7 days a week in 'golden handcuffs'

**NEW DEIHI, (Agency).** Employees of Nvidia Corp, led by its billionaire co-founder and CEO Jensen Huang, have a high-stress and gruelling work environment that leaves them with little time to enjoy the high pay that the graphics chip maker pays them, according to a report.

A former employee, who did not wish to be identified, told Bloomberg that working at the California-



headquartered company was like being in a "pressure cooker". The man who worked in technical support for enterprise clients at Nvidia and quit in May this year, said he was expected to work seven days a week with no offs, often as late as 1 am or 2 am.

He as well as another woman, also a former employee, revealed that tempers often flared up at Nvidia meetings where yelling, shouting and fights were common.

The woman, a marketing executive who quit Nvidia in 2022, told Bloomberg that she tolerated the company's toxic work culture for two years because of the "golden handcuffs". She reportedly attended as many as seven to ten meetings in a single day.

CEO Jensen Huang has 60 direct reports at Nvidia, according to the Bloomberg report. The Taiwan-born billionaire had mandated employyes to send emails to regularly to a centralised email ID, listing the five things they're working on.

# महिला से 35 हजार की ऑनलाइन ठगी

## कपड़े रिटर्न करने गुगल पर जाकर नंबर सर्च किया था

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। ठगोरों ने एक महिला को अपना शिकार बनाते हुए उसे 35 हजार रुपए की चपत लगा दी। दरअसल महिला ने एमेजन एप पर आनलाइन आर्डर से बच्चे के कपड़े मंगाए थे। कपड़े की डिलीवरी के समय उसने 898 रुपए चुकाए थे। बाद में कपड़े रिटर्न करने की प्रक्रिया के दौरान वह ठग के झांसे मे आ गई।**

राऊ थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर रंगवासा में रहने वाली महिला कलावती मीणा ने शिकायत दर्ज कराई  कि सात दिन पहले उसने कपड़े का आर्डर दिया था। कपड़े पसंद नहीं आने पर रिटर्न करने अमेजन एप में अप्लाय किया, जिससे अगले दिन कपड़े रिटर्न हो गए। जब महिला ने ऐप के जरिए अपने रुपए वापस




मांगे तो मैसेज आया कि सात दिन में पैसे आपके बैंक खाते में जमा करा दिए जाएंगे। जब पैसे जमा नहीं हुए तो महिला ने गूगल पर जाकर अमेजन का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया।

नंबर मिलते ही महिला ने कॉल किया। महिला के कॉल को डिसकनेक्ट कर ठग ने रिटर्न फोन कर कहा कि आपको वाट्सअप पर लिंक भेजी है। इसे डाउनलोड करें। जब महिला ने लिंक डाउनलोड की तो मोबाइल पर एनीडेक्स डाउनलोड हो गया। थोड़ी देर बाद ठग ने महिला से बैंक संबंधी डिटेल्स ली, वहीं मोबाइल में कुछ चेंजेस कराए। फिर महिला से फोनपे अकाउंट खुलवाया और ठग ने उसने एक रुपए का ट्रांजेक्शन किया।

ट्रांजेक्शन के बाद महिला से ओटीपी मांगा। जैसे ही महिला ने ओटीपी दिया, उसके बैंक आफ बड़ोदा के दो खातों से 35030 रुपए ठग ने निकाल लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने ठग का खाता फ्रीज कर दिया है। ठग का मोबाइल नंबर झारखंड का होना पाया गया है। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक